## बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 06.09.2025 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 4.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे—

1. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
2. सहायक/अवर अभियन्ता जलनिगम कन्नौज।
3. प्रतिनिधि वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।
4. प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।
5. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।
6. प्रतिनिधि टी0पी0आई0,कन्नौज।

बैठक मे उक्त दोनो संस्थाओं की पृथक—पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत् निर्देश दिए गये—

1—भारत सरकार/दर्पण पोर्टल पर रैकिंगः—समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 265511 है, जो 96.71 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 31वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 392 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 56.93 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 09वें स्थान पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा वी0एस0ए0 इन्फ्रा के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम कन्नौज को जनपद की प्रगति बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये।

1—वी0एस0ए0 इन्फ्रा:

वी0एस0ए0 इन्फ्रा के पास 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गॉव एवं 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष सभी 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1378 किमी0 पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 07 किमी0 पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ0एच0टी0सी0 83264 के सापेक्ष 76531 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गॉव के सापेक्ष मात्र 41 ग्राम सर्टिफाइड हुए हैं। वी0एस0ए0 इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीघ्र स्थिति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा ओ0एच0टी हुसैननगर का कार्य पूर्ण कराया गया है किन्तु अभी तक रामपुर मुडेरी काजिमहुसैन, जसौरा तथा हुसैननगर का सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शीघ्र सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

2—जी0वी0पी0आर0:—

जी0वी0पी0आर0 की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गॉव एवं 209 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष सभी 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी0 पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाइपलाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ0एच0टी0सी0 114482 के सापेक्ष 113372 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। अभी 181 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 30 ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण होना शेष है।

विगत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 01 ओ0एच0टी0 ग्राम असेह में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था। अधिशाषी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि उक्त ओ0एच0टी0 का निर्माण पूर्ण हो गया है। यह भी बताया गया कि ग्राम प्रेमपुर, टाड़ा एवं असेह में सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शीघ्र सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

Scanned with OKEN Scanner

अन्य निर्देश–

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कन्नौज से रोड रेस्टोरेशन ग्रामों के सम्बन्ध में ऑकडे प्रत्येक बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये। इसके अतिरिक्त अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कन्नौज को यह भी निर्देश दिए गए कि अवशेष निर्माणाधीन ओ0एच0टी0 पर कार्यो की अद्यतन स्थिति का सत्यापन कराकर आगामी बैठक में अवगत कराया जाये।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए शीघ्र स्थिति में सुधार लाये जाने के निर्देश के साथ बैठक का समापन किया गया।

(अविनाश कुमार गौतम)
डिप्टी कलेक्टर,
कन्नौज।

## कार्यालय जिलाधिकारी कन्नौज।

पत्रॉक 1033 /जल जीवन मिशन/बैठक–कार्यवृत्त/2025–26, दिनॉक 16 सितम्बर, 2025

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कन्नौज।
5. अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,जनपद कन्नौज।
8. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
9. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।

Digitally signed by
AVINASH KUMAR GAUTAM
Date: 16-09-2025
17:19:40

डिप्टी कलेक्टर,
कन्नौज।

मुख्य विकास अधिकारी
कन्नौज

759
18/09/2025

जिला विकास अधिकारी
कन्नौज
19/09/2025

Scanned with OKEN Scanner